‘योगी शासन में उद्यमियों को नहीं पड़ती सिफारिश की जरूरत’

केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- यूपी में कानून व्यवस्था में हुआ अभूतपूर्व सुधार, अब दुनिया का हर बड़ा उद्यमी यूपी में करना चाहता है निवेश

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यूपी में योगी सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। अब प्रदेश में उद्यमी को उद्यम स्थापना के लिए किसी सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती है। मोदी-योगी सरकार के डबल इंजन की ताकत से यूपी न सिर्फ देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, बल्कि लीड्स रैंकिंग में भी दूसरे स्थान पर है। वे रविवार को उप्र. उद्योग व्यापार संगठन की ओर से राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित वैश्य-व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे, नए राजमार्ग, नए एयरपोर्ट और गंगा में क्रूज बोट जैसी सुविधाएं शुरू होने से औद्योगिक माहौल बना है। इससे देश ही नहीं दुनिया का हर बड़ा उद्यमी निवेश कर यूपी में उद्योग स्थापित करना चाहता है। इस विकास का व्यक्तिगत जीवन और व्यापार में भी असर देखने को मिल रहा है। कोरोना महामारी के दौरान भी योगी सरकार ने जीवन और जीविका दोनों को बचाने की चिंता की। गोयल ने कहा कि महामारी का मुकाबला करने के बाद अब देश को तेज गति से आगे बढ़ाना है। पूरा विश्व भारत की तरफ देख रहा है। हर कोई भारत में व्यापार व व्यापारिक संबंध बनाना चाहता है। सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा, विधानसभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने भी संबोधित किया।

डबल इंजन की सरकार का लाभ लीजिए : गोयल ने कहा कि समुद्र तट से जुड़े राज्यों को छोड़ दें तो सबसे ज्यादा निर्यात यूपी से होता है। निर्यात बढ़ने से रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। प्रदेश में अच्छे नेतृत्व की सरकार बनाने का दायित्व भी वैश्य व व्यापारी समाज का है। प्रदेश की 24 करोड़ जनता के लिए 2022 में फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाकर डबल इंजन की सरकार का लाभ लीजिए।

चार करोड़ कांवड़ियों की यात्रा में तिनका तक नहीं हिलता

लखनऊ। वैश्य व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा पिछली सरकार में कावड़ यात्रा रोक दी जाती थी। 2017 में हमारी सरकार बनने पर अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था की संकट की बात करते हुए इसे रोकने का प्रस्ताव रखा, तो मैंने कहा... एक बार तो होने ही दीजिए, हम कांवड़ यात्रा रोकने नहीं आए हैं। अब चार करोड़ कांवड़ियों की यात्रा में तिनका तक नहीं हिलता।

कुंभ से अर्थव्यवस्था हुई मजबूत : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए। अध्ययन किया गया तो सामने आया कि इससे प्रयागराज की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। वहां ऐसा कोई वर्ग नहीं था जिसे कुंभ से आय न हुई हो। ब्यूरो

15 दिन का समय भाजपा को दे वैश्य समाज : स्वतंत्रदेव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि 2022 में भगवान राम के लिए भाजपा की सरकार बनानी है, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पूरा करना है। भाजपा को व्यापारी और वैश्य समाज की पार्टी कहा जाता है, भाजपा को मजबूत बनाने में इस समाज का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान व्यापारी व वैश्य समाज 15 दिन का समय भाजपा को दे और चुनाव प्रचार में जुट जाए। भाजपा के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान कर व कराकर सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएं। योगी सरकार ने व्यापारियों को व्यापार के अनुकूल माहौल दिया है।

सपा-बसपा शासन में प्रताड़ित होते थे व्यापारी : अग्रवाल

पूर्व राज्यसभा सदस्य नरेश अग्रवाल ने कहा कि 2007 से लेकर मार्च 2017 तक बसपा-सपा शासन में व्यापारियों को प्रताड़ित किया जाता था। लेकिन योगी सरकार ने गुंडाराज खत्म कर व्यापार के अनुकूल माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी को कारोबार के लिए अच्छा माहौल चाहिए, इसलिए 2022 में फिर योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि तन और मन तो कोई भी दे सकता है, लेकिन धन सिर्फ व्यापारी ही दे सकता है। वैश्य समाज की आबादी 12 फीसदी है, लिहाजा समाज को कम से कम 6 प्रतिशत सीट तो मिलनी चाहिए।

देश में सबसे अच्छी तरह से यूपी में लागू हुई ओडीओपी स्कीम : गोयल

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगी प्रदर्शनी देखते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व कौशल किशोर। -संवाद

लखनऊ। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अगले पांच साल के लिए फिर योगी सरकार को लेकर आएं। देश में सबसे अच्छी तरह से यूपी में ही ओडीओपी स्कीम लागू हुई है। हैंडीक्राफ्ट और निर्यात के प्रोत्साहन के लिए बाजार से जुड़ाव बेहद जरूरी है।

गोयल ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और निर्यातकों की समस्याओं व सुझावों को भी सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बढ़ावा देने का काम राज्य और केंद्र, दोनों ही सरकारें कर रही हैं। बेहतर लीडरशिप और बाजार से जुड़ाव के लिए संस्थाओं और जानकार लोगों के भी आगे आने की जरूरत है। केंद्र सरकार को भी अपने सुझाव दें, ताकि उनके अनुसार नीतियां बन सकें।

कहा- अगले पांच साल के लिए फिर लाएं योगी सरकार

केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि लखनऊ के आसपास चिकन के कारीगर बड़ी संख्या में है, लेकिन इस कला का फायदा इन कारीगरों से ज्यादा बिचौलिये उठा रहे हैं। इसलिए कारीगरों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इन कारीगरों को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कारीगर व हस्तशिल्पी सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम में महिलाओं, कारीगरों और हस्तशिल्पियों को टूल किट्स भी वितरित की गईं। ब्यूरो